महत्वपूर्ण एवं खास

खाद्य एवं सुरक्षा की टीम ने कई दुकानों से लिए सेंपल

कोरबा। खाद्य एवं सुरक्षा की टीम आज कृष्णा डेयरी कोरबा से बूंदी लड्डू और गणेश डेयरी से पेड़ा का सैंपल कलेक्ट किया है। टीम ने शहर के मिठाई दुकानों की जांच कर गुणवत्ता युक्त मिठाई बेचने का निर्देश दिया है। बता दें कि मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर अंकुश लगाने आज खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में आज रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए कोरबा शहर में मिष्ठान भण्डार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समय पर ही जांच किया गया एवं कृष्णा डेयरी, कोरबा से बूंदी लड्डू, गणेश डेयरी से पेड़ा का नमूना जांच हेतु लिया गया, साथ ही अलंकार डेयरी, मधु स्वीट्स, राजवीर स्वीट्स, सत्यम बेकर्स का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

अवैध शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा अवैध एवं सामाजिक कार्यों में लिप्त असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के पर्यवेक्षण में लगातार कार्यवाही की जा रही है। 9 अगस्त 2022 को चौकी प्रभारी रामपुर उप निरी कृष्णा साहू को सूचना मिला की अतुल गुप्ता नामक व्यक्ति भारी मात्रा में देशी शराब और बीयर बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस द्वारा आरोपी को पकडक़र पूछताछ पर अपना नाम अतुल कुमार गुप्ता पिता हरिश्चंद गुप्ता निवासी पंप हाउस कोरबा का होना बताया, जिसके पास रखे थैला में 27 पाव देशी प्लेन शराब एवं 3 बॉटल बीयर कुल 6 लीटर 810 मिली लीटर शराब कीमती करीब 3000 रूपये का बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 -2, आबकारी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बीबीसीइस कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक दुर्गेश राठौर, आरक्षक हितेश राव एगंगाराम, वीरेंद्र पटेल, विकास कोसले एवं योगेश राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जल चढ़ाने आया था, हादसे में एक मृत

महासमुंद (आरएनएस)। अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार ग्राम खैरखुंटा निवासी अर्जुन कोडाकू गांव के दशरथ यादव के साथ सोमवार को बाइक से सिरपुर मंदिर में जल चढ़ाने आया था। रास्ते में सिरपुर मंदिर के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से दोनों घायल हो गए। जिससे अर्जुन कोडाकू की मौत हो गई और दशरथ यादव घायल हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बस स्टेण्ड में अशांति फैलाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैण्ड में अशांति फैलाने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का जूलूस निकाले है। मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव स्थित न्यू बस स्टैण्ड में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा यात्रियों को परेशान करते हुए उनसे रुपये की मांग की जा रही थी तथा बस स्टैण्ड स्थित दुकान व ठेला संचालित करने वाले लोगों को भी डरा धमकाकर उनका कुछ समान मनमाने रूप से उठाकर ले जाने के साथ ही रुपयों की भी मांग करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिससे पुलिस के टीम ने अशांति फैलाने वाले आरोपी रमाकांत जगत 32 वर्ष निवासी बी.एस.यू.पी कॉलोनी सड्डू, हामिद रजा 27 वर्ष निवासी नयापारा, रौशन सिंह 21 वर्ष निवासी बुनियाद नगर भनपुरी व शेख शहबाज 21 वर्ष निवासी मोती नगर थाना टिकरापारा को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर जेल ले गए है।

जिले में कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू और डेंगू का बढ़ा खतरा

❐ मास्क पहनें और भीड़ में जाने से बचें, कोविड के बूस्टर डोज में जिले का प्रदर्शन बेहतर: सीएमएचओ डॉ. केशरी

रायगढ़। जिले में बीते 15 दिनों में कोरोना के अलावे वायरल फीवर, स्वाइन फ्लू व डेंगू में वृद्धि देखने को मिल रही है| बारिश के मौसम में वायरल फीवर व डेंगू आम है।

मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों की ओपीडी में इन बीमारियों के मरीज बढ़ते ही जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 194 कोविड के मरीज जिले में सक्रिय हैं। स्वाइन फ्लू के दोनों मरीज ठीक हो चुके हैं और वर्तमान में इसके मरीज नहीं है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया: "त्यौहारी मौसम आ चुका है। लोग न तो मास्क पहन रहे हैं और न ही एहतियात बरत रहे हैं। दो साल तक लोगों ने कोविड प्रोटोकॉल का बेहतर तरीके से पालन किया। इसी के कारण कोविड संक्रमण पर लगाम लगी थी। एक बार फिर से कोविड तो बढ़ रहा है साथ ही स्वाइन फ्लू का भी खतरा हैं। इनके लक्षण एक से होते हैं। जिन लोगों में बुखार कई दिनों तक ठीक नहीं हो रहा है वह कोविड जांच कराएं। लोग स्वाइन फ्लू की जांच के लिए सैंपल भी दें। इस मौसम में स्वांस संबंधित संक्रमण (सीवियर एक्यूट रेस्पेटरी इन्फेक्शन) ज्यादा फैलता है। लोग सावधान रहें और अपने व परिवार की सुरक्षा करें।"

स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल कहते हैं : "वायरल फीवर से पीड़ित लोग 15 दिनों तक ठीक नहीं हो रहे हैं। कोरोना के मरीज लगातार मिल रहे हैं। लोग अभी भी कोविड टेस्ट कराने में झिझक रहे हैं। ऐसे में इसके और फैलने का डर है। जिन लोगों में कोविड के लक्षण दिखे वह तुरंत इसकी जांच कराएं और अपने परिजनों को संभावित खतरे से बचाएं। अभी कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू व डेंगू ने भी परेशानियां बढ़ा दी हैं। दरअसल कोरोना व स्वाइन फ्लू के लक्षण में खास अंतर नहीं है। लोग सावधान रहें।"

बूस्टर डोज में जिले का प्रदर्शन प्रदेश में बेहतर- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने बताया: "बूस्टर डोज के मामले में रायगढ़ जिला प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। राज्य के टॉप 5 जिलें में रायगढ़ शुमार है। टीकाकरण की रफ्तार ने जोर पकड़ी है। हर दिन हम अपने तय किये लक्ष्य को पूरा कर रहे है। 12.16 लाख लोगों में से 2.46 लाख लोगों ने बूस्टर डोज लगवाया है जिनमें 18 से 59 आयुवर्ग में 9 लाख 248 लक्षित लोगों में से 1.43 लाख, 60 वर्ष से अधिक 2.74 लाख लोगों में से 72,386 तो 18,623 हेल्थ केयर वर्कर्स में से 15,075 लोगों ने,22,457 फ्रंट लाइन वर्कर्स में से 14,985 ने बूस्टर डोज लगवा लिया है।"

एहतियातन लगा सकते हैं स्वाइन फ्लू का टीका- फोर्टिस जिंदल के चेस्ट फीजिशियन डॉ. मनदीप सिंह टुटेजा ने बताया: " उनके यहां भी स्वांस से संबंधित मरीजों की तादाद में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान समय में स्वाइन फ्लू और कोविड दोनों का खतरा लोगों पर मंडरा रहा है। स्वाइन फ्लू के लक्षण के संभावित मरीज भी हैं जिनकी अभी जांच की जानी है।

राज्य में बूस्टर डोज लगाने 15 से विशेष अभियान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय में कोविड-19 टीकाकरण के मानिटरिंग के लिए गठित राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक ली गई। मुख्य सचिव ने बैठक में समिति के सदस्यों को कहा कि 15 अगस्त से 15 सितम्बर की अवधि में विशेष अभियान चलाकर कोविड टीकाकरण व बूस्टर डोज लगाये जायें। उन्होनें सभी शासकीय कर्मियों और उनसे जुड़े परिजनों, विभागीय योजनाओं के लाभार्थीयों सहित अन्य नागरिकों का इस अभियान के माध्यम से टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। श्री जैन ने संभागीय मुख्यलायों में स्थित पांच बड़े कार्यालयों में 11 अगस्त से 14 अगस्त की अवधि में टीकाकरण कैम्प लगाकर टीकाकरण करने के भी निर्देश दिए है। इसी तरह 15 अगस्त के बाद 19 से 21 अगस्त को ब्लॉक स्तर के पांच बड़े कार्यालय केम्पस में टीकाकरण शिविर लगाने कहा गया है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव मनिन्दर कौर द्विवेदी ने बताया कि आजादी के 75 वें वर्षगाठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त से 15 सितम्बर तक की अवधि में कोविड-19 के बूस्टर डोज नि:शुल्क लगाये जायेगें। प्रदेश में अब तक करीब दो करोड़ 22 लाख 76 हजार 912 लोगों को प्रथम डोज, एक करोड़ 96 लाख 79 हजार 341 को दूसरा डोज और 38 लाख एक हजार 813 लोगों को बूस्टर डोज लगाया जा चुका है।

राज्य स्तरीय स्पर्धा में किकबाक्सर्स ने जीते 23 स्वर्ण पदक

कोरबा। किकबाक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में बिलासपुर जिला किकबाक्सिंग एसोसिएशन ने रेलवे बाक्सिंग स्टेडियम बिलासपुर में नौवीं राज्य स्तरीय सीनियर किकबाक्सिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया। इसमें चयनित खिलाड़ी 17 से 23 अगस्त 2022 को वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में तमिलनाडु किकबाक्सिंग एसोसिएशन द्वारा चेन्नाई के नेहरू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राज्य के विभिन्ना जिलों से 123 खिलाड़ियों, 20 प्रशिक्षक एवं रेफरी ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं सचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया उक्त नौवीं राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के किकबाक्सर्स ने रिंग एवं ततामी इवेंट्स के पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक एवं म्यूजिकल फार्म्स तथा क्रियेटिव फार्म्स के इवेंट्स में हिस्सा लिया। कोरबा जिले के किकबाक्सिंग खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए, 23 स्वर्ण पदक जीतकर जिले को गौरवांवित किया। इसी प्रकार रायपुर के किकबाक्सर्स ने 21 स्वर्ण जीता एवं बिलासपुर के खिलाडी 13 स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। कोरबा जिले से पुरुष वर्ग में अजित कुमार शर्मा, प्रभात साहू, अशोक साहू, जुनैद आलम, रमेश साहू, अंकुश लाल यादव, रितेश साहा, राजेन्द्र निर्मलकर, विश्वजीत, शुभम यादव,चंदन पटेल,किताबुद्दीन, विनय साहू, अलोकेश ने स्वर्ण पदक तथा कृष्णा, नकुल साहू ने रजत पदक जीता। इसी प्रकार महिला वर्ग में लोकिता चौहान, मेहा गोस्वामी, स्नेहा जायसवाल ने स्वर्ण पदक जीता। सभी विजेता, उपविजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीकांत पाड़ी स्पोर्ट्स इंचार्ज, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिलासपुर एवं विशिष्ट अतिथि बाक्सिंग कोच जुट रोड्रिक्स के साथ कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, सचिव आकाश गुरुदीवान ने मेडल पहनाकर इनका उत्साहवर्धन किया।

कार से टकराकर बाइक सवार जवान की मौत

कोरबा। मंगलवार को भुलसीडीह बेरियर के पास तेज रफ्तार बाइक एक कार से जा टकराई। इसमें बांगो बटालियन के एक जवान की मौत हो गई।

हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आई। घायलों को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण कर चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान केशव नेताम से की गई है। वह 13 वीं बांगो बटालियन का जवान था। वर्तमान में केशव की तैनाती कोरबा पुलिस लाइन में थी। वह पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के फालोगार्ड में चलता था। कांकेर जिले का मूल निवासी था। घायल युवक का नाम मनीष बंजारे बताया गया है। मनीष भी बांगो बटालियन का जवान है। कोरबा पुलिस लाइन में दोनों एक साथ रहकर ड्यूटी करते थे।

हादसे के संबंध में बताया जाता है कि दोनों जवान एक बाइक से रिसदी होकर कोरकोमा की ओर जा रहे थे। भुलसीडीह बेरियर के पास बाइक के सामने एक स्वीफ्ट कार चल रही थी। जवानों ने कार को ओवरटेक कर आगे निकलने का प्रयास किया। इस बीच संतुलन बिगड़ गया। जवानों की बाइक पीछे से कार से टकरा गई। दोनों उछलकर सडक़ पर गिरे और दोनों को गंभीर चोटें आई। परीक्षण कर चिकित्सक ने केशव को मृत घोषित कर दिया। जबकि मनीष का इलाज जारी है।

पुलिस पकड़ने पहुंची तो 30 फीट ऊंचे टंकी पर जा चढ़ा युवक

कोरबा। एनटीपीसी कालोनी में गिरफ्तारी से बचने युवक 300 फीट ऊंची पानी टंकी में चढ़ गया। कूद जाउंगा, मर जाउंगा का ड्रामा दो घंटे तक चला। बाद में पुलिस ने उसे किसी तरह नीचे उतारा और हिरासत में लिया।

दर्री थाना अंतर्गत यह घटना एनटीपीसी क्षेत्र के इंदिरा नगर की है। यहां निवासरत आर्यन के खिलाफ दर्री थाना में अपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही थी। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आर्यन घर पर है, पर पुलिस टीम को रवाना किया गया। इसकी जानकारी आर्यन को लग गई और जब पुलिस उसके घर पहुंची, तब तक वह घर से नदारद हो गया था। पुलिस ने खोजबीन शुरू किया, तब सूचना मिली कि एक युवक एनटीपीसी गुरूद्वारे के पास ओवहरहैड पानी टंकी के 300 फीट ऊंचाई पर चढ़ गया। जब पुलिस वहां पहुंची, तब मालूम चला कि उपर चढऩे वाला कोई नहीं बल्कि आर्यन ही है, जो गिरफ्तारी के भय से चढ़ा है। इसके साथ ही पुलिस के होश उड़ गए और उसे उतारने की कवायद शुरू हो गई। उपर चढ़े आर्यन ने कूदने की धमकी भी देने लगा। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और हर कोई से समझाने का प्रयास करने लगा। जानकारी मिलने पर दर्री थाना प्रभारी विवेक शर्मा भी स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया। लगभग दो घंटे तक युवक का ड्रामा चलता रहा है। किसी तरह दर्री पुलिस गजेंद्र राजवाड़े व ओम प्रकाश निराला की समझाइश के बाद युवक आर्यन स्वामी को नीचे उतारा जा सका इसके साथ ही पुलिस व उपस्थित लोगों ने राहत की सांस ली और युवक को हिरासत में लेकर थाना गई।

नहर का निचला हिस्सा फूटा, बस्तियों में पानी भरने से मचा हड़कंप

कोरबा। कोरबा के सीतामढ़ी से होकर बहने वाली हसदेव बायी तक नहर का पानी लोगों के घरों में भरने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि नहर का तटबंध आज सुबह 5 बजे फूट गया। नहर के तटबंध का निचला हिस्सा फूटने के कारण काफी तेज प्रवाह से पानी आसपास की बस्तियों में भरने लगा। जिस वक्त यह घटना हुई, लोग अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे कि एकाएक पानी भरने से हडक़ंप मच गई। इमलीडुग्गू, बंसोड़ मोहल्ला,भैयालाल मोहल्ला में 4 से 5 फीट ऊपर पानी भर गया है। यहां लोगों के घरों में पानी घुस गया

जिससे लोग अपना और सामानों का बचाव करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

घटना की जानकारी होते ही वार्ड 8 के पार्षद सुफल दास महंत अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गए। स्वयंसेवकों के द्वारा भी इस कार्य में मदद की जा रही है। इलाके की बिजली बंद कराने के साथ ही नहर विभाग को सूचना देकर नहर का पानी रुकवाया गया है। पानी पूरी तरह नहीं रोके जाने के कारण अभी भी बस्तियों में पानी भरना जारी है। पार्षद ने बताया कि नहर का पानी उसके ऊपर निर्मित पुल के पाया से उछलकर ऊपर की ओर बह रहा है और पानी भिलाई खुर्द की ओर आगे नहीं जा पा रहा हैए यह एक तरह से अप्रत्याशित घटनाक्रम है जिसमें तटबंध फूटने जैसी कोई बात फिलहाल सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि नहर की तलहटी में रिसाव के कारण पानी बस्तियों में भरा है। फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को घटना की जानकारी दी गई है जिन्होंने मौके पर प्रशासनिक टीम भेजने की बात कही। पानी भर जाने के कारण पूरे मोहल्ले में त्राहि-त्राहि मची हुई है।

आदिवासियों की संस्कृति सहेजने लगातार काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: मुख्यमंत्री

कोरबा। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य और जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित किया गया तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में एकलव्य और प्रयास आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही जनजाति हितग्राहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के युवकों को शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी। साथ ही स्वरोजगार की दिशा में आगे बढऩे के लिए चिन्हांकित आदिवासी किसानों को ट्रैक्टर भी प्रदान किया। विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्ट्रेट कोरबा के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला कंवर, कलेक्टर संजीव झा सहित आदिवासी जनप्रतिनिधि और नागरिक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक केरकेट्टा ने जिले के एकलव्य विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले दो विद्यार्थियों, प्रयास विद्यालय में अध्ययनरत जेई मेंस में क्वालिफाइड चार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के 65 जनजाति हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र और 122 सामुदायिक वन संसाधन पत्र का वितरण किया गया। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के जिले के 21 युवकों को शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी गई। इनमे 2 युवकों को सहायक शिक्षक और 19 लोगों को चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने सांकेतिक रूप से 5 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान की। विधायक केरकेट्टा ने विकासखंड पोंडी उपरोड़ा के ग्राम सेमरा के किसान आनंद सिंह पोर्ते को आर्थिक सुदृढ़ीकरण के तहत जिला अंत्यावसायी निगम द्वारा प्रदान किए गए ट्रैक्टर की चाबी प्रदान किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पूरी क्षमता व टीम वर्क के साथ टीकाकरण के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें : आयुक्त

❐ कल चलेगा वैक्सीनेशन का महाअभियान, कोरबा निगम क्षेत्र में बनाए गए 98 सेंटर, बूस्टर डोज सहित सभी पात्र व्यक्तियों को लगेंगी वैक्सीन

कोरबा। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी क्षमता, प्रबल इच्छाशक्ति व टीम वर्क के साथ वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न कराते हुए निर्धारित किए गए टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, रोज नए संक्रमित सामने आ रहे है, वैक्सीनेशन ही कोरोना संक्रमण से बचाव का एक मात्र उपाय है, अत: पूर्ण ईमानदारी, परिश्रम व निष्ठा का परिचय देते हुए वैक्सीनेशन कार्य कराएं, लोगों को प्रेरित करें, उन्हें वैक्सीनेशन केन्द्रों तक लाकर कोविड टीका लगवाएं।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में शुक्रवार 12 अगस्त को पुन: कोविड वैक्सीनेशन का महाअभियान संचालित किया जाएगा। कोरबा निगम क्षेत्र में इस हेतु 98 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं, जहॉ पर बूस्टर डोज लगाए जाने के साथ ही सभी पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। आज इस संबंध में टी.पी.नगर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के समीप स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में वैक्सीनेशन कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने इन सभी अधिकारी कर्मचारियों को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के दिन उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए वैक्सीनेशन लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि वैक्सीनेशन महाअभियान हेतु वार्डवार टीमें गठित की गई है, टीम के सभी सदस्य आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारी क्षमतावान है, केवल उन्हें पूरी क्षमता व इच्छाशक्ति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होने कहा कि टीम का प्रत्येक कर्मचारी व कार्यकर्ता डोर-टू-डोर पहुंचकर लोगों से भेंट करें, प्रथम, द्वितीय या बूस्टर डोज हेतु उन्हें चिन्हाकित करें, उन्हें प्रेरणा दें, वैक्सीनेशन सेंटर तक लाएं तथा उनका टीकाकरण कराएं।

कोरोना से बचने वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय - इस मौके पर मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोडे ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 24 से लेकर 50 तक मरीज अभी भी प्रतिदिन सामने आ रहे हैं, कोरोना की संख्या बढ़ रही है, कोरोना संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय है। उन्होने कहा कि कोरबा शहरी क्षेत्र में बूस्टर डोज लगवाने वालों का प्रतिशत अभी बहुत कम है, इस दिशा में तेजी से कार्य करना होगा। कोरबा नगर निगम के सभी 08 जोन में इस हेतु विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, हमें वैक्सीनेशन की गति बढ़ानी होगी, इस हेतु परिश्रम करना होगा।

आयुक्त ने आमजन से की अपील - आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने कार्यशाला के माध्यम से आमानागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, प्रतिदिन संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं, कोरोना संक्रमण से बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन है, सभी को वैक्सीन की तीनों खुराक अनिवार्य रूप से लेनी है।